भारत सरकार
युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय
(खेल विभाग)

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या 4014**

उत्तर देने की तारीख 18 अगस्त, 2025
27 श्रावण, 1947 (शक)

## एनएसएफ, एसएआई और पीवाईकेकेए के लिए बजटीय प्रावधान

**†4014. श्रीमती रूपकुमारी चौधरी:**
**श्री कंवर सिंह तंवर:**

क्या युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए किए गए कुल बजटीय प्रावधान का ब्यौरा क्या है और इसकी तुलना में विगत पाँच वर्षों के दौरान खेल बजट का आवंटन कितना है;

(ख) इस बजटीय प्रावधान को खेलो इंडिया, राष्ट्रीय खेल महासंघ (एनएसएफ), भारतीय खेल प्राधिकरण (एसएआई) और पंचायत युवा क्रीड़ा और खेल अभियान (पीआईसीए) जैसे प्रमुख कार्यक्रमों हेतु किस प्रकार संवितरित किया गया है;

(ग) दिव्यांगजनों के लिए खेल, महिला लीग और जनजातीय / युवा भागीदारी जैसी समावेशी योजनाओं के लिए किए गए प्रावधानों का ब्यौरा क्या है;

(घ) दिव्यांगजनों, महिलाओं और जनजातीय समुदाय के लिए कार्यान्वित योजनाओं हेतु आवंटित निधि का ब्यौरा क्या है; और

(ङ) उक्त संदर्भ में छत्तीसगढ़ में कार्यान्वित योजनाओं, जारी निधियों और लाभान्वित खेल कार्यक्रमों की स्थिति क्या है?

**उत्तर**
**युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री**
**(डॉ. मनसुख मांडविया)**

(क) से (घ): खेल विभाग को वर्ष 2025-26 के बजट अनुमान स्तर पर उसकी विभिन्न स्कीमों के अंतर्गत उपयोग हेतु ₹2520.53 करोड़ आवंटित किए गए हैं। पिछले पाँच वर्ष के दौरान खेल विभाग के बजट अनुमानों का विवरण इस प्रकार है:

| वित्तीय वर्ष | बजट अनुमान (करोड़ रुपये में) |
|---|---|
| 2024-25 | 2382.82 |
| 2023-24 | 2462.59 |
| 2022-23 | 2254.00 |
| 2021-22 | 1906.14 |
| 2020-21 | 2100.42 |

पिछले पांच वर्ष के लिए इस मंत्रालय की विभिन्न स्कीमों के अंतर्गत आवंटित निधि का विवरण मंत्रालय की वेबसाइट https://yas.nic.in/ पर 'Document' टैब के अंतर्गत पब्लिक डोमेन में उपलब्ध है।

**खेलो इंडिया स्कीम के अंतर्गत, 'खेलों के माध्यम से समावेशिता को बढ़ावा' घटक, विशेष रूप से महिलाओं, दिव्यांगजनों, हाशिए के समुदायों के लिए और ग्रामीण/स्वदेशी खेलों को बढ़ावा देकर, सभी के लिए खेलों को सुलभ बनाने पर केंद्रित है। यह खेलो इंडिया पैरा गेम्स (केआईपीजी) के आयोजन और देश भर में 29 खेल विधाओं में अस्मिता महिला लीग के आयोजन जैसी पहलों के माध्यम से किया गया है। खेलो इंडिया युवा खेलों और खेलो इंडिया विश्वविद्यालय खेलों में विभिन्न स्वदेशी खेलों को प्रतिस्पर्धी/डेमो खेलों के रूप में शामिल किया गया है। इसका विवरण** https://dashboard.kheloindia.gov.in पर पब्लिक डोमेन में उपलब्ध है।

(ङ) इस मंत्रालय द्वारा निधियों का आवंटन स्कीम-वार किया जाता जाती है नाकि राज्य-वार। हालाँकि, खेलो इंडिया स्कीम के 'खेल अवसंरचना का निर्माण एवं उन्नयन' घटक के अंतर्गत, राज्यों को अवसंरचना निर्माण/उन्नयन हेतु सहायता प्रदान की जाती है। स्वीकृत 328 खेल अवसंरचना परियोजनाओं में से, 08 परियोजनाएँ छत्तीसगढ़ राज्य में स्वीकृत की गई हैं। इन परियोजनाओं का विवरण https://mdsd.kheloindia.gov.in पर उपलब्ध है।

छत्तीसगढ़ राज्य सहित देश में खेल प्रोत्साहन स्कीमों का विवरण वेबसाइट https://dashboard.kheloindia.gov.in और https://yas.nic.in पर पब्लिक डोमेन में उपलब्ध है।

*****